आज

प्रयागराज, शनिवार २४ अक्तूबर, २०२६

ट्रैक्टर की चपेट में आने से दस वर्षीय बालक की मौत

छतनाग नैका प्राथमिक विद्यालय के पास हुआ दर्दनाक हादसा



मृतक अभिनव की फाइल फोटो

झूंसी (प्रयागराज)। झूंसी थाना क्षेत्र के छतनाग स्थित नैका प्राथमिक विद्यालय के समीप शुक्रवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में दस वर्षीय बालक की ट्रैक्टर से कुचलकर मौत हो गई। ट्रैक्टर को बैक करते समय बच्चा उसकी चपेट में आकर पिछले पहिए के नीचे आ गया, जिससे उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मासूम की अकाल मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान अभिनव (पुत्र उमाशंकर) के रूप में हुई है। अभिनव स्थानीय विद्यालय में कक्षा पांच का छात्र था। उसके पिता उमाशंकर झूंसी रोडवेज वर्कशाप में संविदा कर्मी के रूप में कार्यरत हैं। परिजनों ने बताया कि अभिनव चार बहनों में अकेला भाई था। शुक्रवार शाम चालक द्वारा ट्रैक्टर को पीछे (बैक) किया जा रहा था, तभी अनजाने में खेल रहा अभिनव वाहन के पिछले हिस्से की चपेट में आ गया। पहिए के नीचे दबने से उसे गंभीर चोटें आईं और अत्यधिक रक्तस्राव के कारण घटनास्थल पर ही उसकी सांसें थम गईं। हादसे के बाद मौके पर भारी भीड़ जुट गई और परिजनों के विलाप से माहौल गमगीन हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही झूंसी पुलिस दल-बल के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर मामले की विधिक जांच की जा रही है और तहरीर के आधार पर अग्रिम कानूनी कारवाई की जाएगी।



छात्राओं को जागरूक करतीं पुलिसकर्मी।

छात्राओं ने जाना थाने का कामकाज, सीखी डिजिटल और व्यक्तिगत सुरक्षा

सराय इनायत पुलिस ने कस्तूरबा गांधी विद्यालय की बालिकाओं को कराया थाना भ्रमण

हनुमानगंज (प्रयागराज)। 'मिशन शक्ति' फेज-६ के अंतर्गत गुरुवार को थाना सराय इनायत कमिश्नरेट प्रयागराज की टीम ने कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय (कुवाडीह) की शिक्षिकाओं एवं छात्राओं को थाने का शैक्षणिक भ्रमण कराया।

इस दौरान छात्राओं को पुलिसिंग की कार्यप्रणाली, महिला सुरक्षा कानून और सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी देकर सशक्त बनाया गया। मिशन शक्ति प्रभारी उपनिरीक्षक अनीता यादव, एसआई संजय कुमार सिंह एवं महिला आरक्षियों ने छात्राओं को महिला हेल्प डेस्क, साइबर सेल और शिकायत निस्तारण की प्रक्रिया समझाई। छात्राओं को सुकन्या समृद्धि योजना, सामूहिक विवाह, निराश्रित महिला पेंशन, उज्ज्वला और आयुष्मान योजना के बारे में बताया गया। पुलिस टीम ने आपातकालीन सेवाओं-वूमेन पावर लाइन १०९०, महिला हेल्पलाइन १८१, चाइल्ड हेल्पलाइन १०९८, डायल ११२ और साइबर फ्राड हेल्पलाइन १९३० के प्रयोग के प्रति जागरूक किया। छात्राओं को प्रेरित किया गया कि वे किसी भी प्रकार की छेड़खानी, असुरक्षा या आनलाइन धोखाधड़ी की स्थिति में भयमुक्त होकर तुरंत पुलिस से संपर्क करें।

छात्रा की संदिग्ध परिस्थिति में मौत फंदे पर लटका मिला शव

माता-पिता गये थे मेला, कमरे का दरवाजा अंदर से था बंद

नैनी (प्रयागराज)। स्थानीय थाना क्षेत्र के करैला गांव में १७ वर्षीय छात्रा चांदनी भारती की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का सनसनीखेज मामला सामने आया है।

छात्रा का शव उसके कमरे में फंदे से लटकता मिलने से परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच में जुट गयी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, करैला गांव निवासी राम कुशल भारती मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। उनके परिवार में तीन बेटियां और एक बेटा है, जिनमें मृतका चांदनी तीसरे नंबर पर थी। उसने इसी वर्ष १२वीं की परीक्षा उत्तीर्ण की थी, जिसके बाद आगे की पढ़ाई बंद कर दी थी।

घटना गुरुवार रात की बताई जा रही है। छात्रा के माता-पिता डांडी दशहरा मेला देखने गये हुए थे, जबकि उसकी दोनों बहनें और भाई छत पर थे।

चांदनी नीचे अपने कमरे में अकेली थी और उसने दरवाजा अंदर से बंद कर रखा था। काफी देर तक कमरे से बाहर न आने पर बड़ी बहन ने दरवाजा खटखटाया, लेकिन अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। अनहोनी की आशंका होने पर उसने तुरंत परिजनों और पड़ोसियों को सूचना दी। दरवाजा खोलकर देखा गया तो छात्रा कमरे के अंदर फंदे पर लटकी हुई मिली।

सूचना मिलते ही नैनी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को फंदे से नीचे उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, लेकिन वास्तविक कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी। परिजनों से पूछताछ के साथ सभी संभावित पहलुओं पर गहन जांच की जा रही है।

घर से निकलीं दो मौसेरी बहनें लापता, परिवार में मचा हड़कंप

फाफामऊ (प्रयागराज)। स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत शांतिपुरम से संदिग्ध परिस्थितियों में दो मौसेरी बहनों के लापता होने का मामला सामने आया है। दोनों लड़कियों के अचानक गायब हो जाने से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर खोजबीन शुरू कर दी है। परिजनों के अनुसार दोनों लड़कियां बिना किसी को कुछ बताए घर से निकली थीं। काफी देर तक वापस न लौटने पर परिजनों ने रिश्तेदारों और आसपास के इलाकों में संभावित ठिकानों पर तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिल सका। परिजनों ने बताया कि लापता लड़कियों में से एक नाबालिग है। वह कुछ दिन पहले ही अपनी मां के साथ कोलकाता से फाफामऊ स्थित अपनी बीमार मौसी को देखने आई थी। परिजनों का कहना है कि शुक्रवार को दोनों का कोलकाता वापसी का ट्रेन का टिकट कंफर्म था, लेकिन यात्रा से महज कुछ घंटे पहले ही दोनों बहनें अचानक लापता हो गईं। काफी खोजबीन के बाद थक-हारकर परिजनों ने स्थानीय थाने में लिखित तहरीर देकर लड़कियों की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने शुरू कर दिये हैं। इसके साथ ही सर्विलांस और मोबाइल लोकेशन की मदद से दोनों की तलाश की जा रही है।

मेजा में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ एमएलसी चुनाव का मतदान

मेजारोड (प्रयागराज)। मेजा विधानसभा क्षेत्र में शुक्रवार को विधान परिषद चुनाव के लिए मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। क्षेत्र के चार मतदान केंद्रों पर बनाए गये नौ बूथों पर सुबह आठ बजे से शाम चार बजे तक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान के दौरान सभी केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये थे।

चुनाव में भाजपा के अशोक कुमार राठौर और सपा के मानसिंह यादव के बीच सीधा मुकाबला रहा। स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्रों के मतदाताओं ने अपने प्रतिनिधियों के चयन के लिए मतदान किया। मतदान के दौरान एडीसीपी विजय आनंद ने एसीपी मेजा बृजेश पाठक और एसडीएम मेजा अजीत प्रताप सिंह के साथ मेजा ब्लाक स्थित मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने मतदान व्यवस्था और सुरक्षा इंतजामों का जायजा लिया। एडीसीपी ने बताया कि सभी केंद्रों पर मतदान शांतिपूर्ण ढंग से चल रहा है। चुनाव का परिणाम २७ अक्तूबर को घोषित किया जायेगा।

दो गांवों में मारपीट, पांच नामजद और दो अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी

मऊआइमा (प्रयागराज)। स्थानीय थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग गांवों में मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के मामले सामने आये हैं। दोनों ही मामलों में पीड़ितों ने विपक्षियों पर घर में घुसकर हमला करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीड़ितों की तहरीर पर पांच नामजद और दो अज्ञात आरोपितों के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पहला मामला ग्राम विशानी उर्फ शिकोहाबाद (लोकापुर) का है। पीड़िता अनीता देवी (पत्नी रमेश चंद्र) का आरोप है कि विपक्षी उनकी जमीन से जबरन रास्ता निकालना चाहते हैं। इसी विवाद को लेकर विपक्षी लाठी-डंडों से लैस होकर गाली-गलौज करते हुए उनके घर में घुस आये और मारपीट करने लगे। आरोप है कि हमलावरों ने जान से मारने की धमकी देने के साथ ही उनके बेटे को झूठे छेड़खानी के मुकदमे में फंसाकर जेल भिजवाने की धमकी भी दी। घायल अनीता देवी की तहरीर पर पुलिस ने वंदना कोरी, ऊषा देवी और दो अज्ञात लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। वहीं दूसरा मामला ग्राम देवरा का है। गांव निवासी स्वामीनाथ (पुत्र स्वर्गीय श्रीनाथ) ने आरोप लगाया कि पुरानी रंजिश के चलते विपक्षियों ने उस समय लाठी-डंडों से हमला बोल दिया, जब वह शौच के बाद घर लौट रहे थे। जान बचाकर घर के भीतर पहुंचने पर भी आरोपितों ने जबरन घर में घुसकर उनके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने गांव के प्यारे लाल, पवन पटेल और पुष्पा देवी के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस का कहना है कि दोनों मामलों में विधिक कारवाई की जा रही है।


सैदाबाद में हुआ शांतिपूर्ण मतदान

सैदाबाद (प्रयागराज)। विधान परिषद सदस्य चुनाव को लेकर सैदाबाद ब्लाक मुख्यालय पर बनाए गये मतदान केंद्र पर मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान प्रक्रिया को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए ब्लाक मुख्यालय पर प्रशासन की ओर से आवश्यक व्यवस्थाएं और सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये थे।

PUBLIC NOTICE

I, Mohammad Arshad Ullah S/o Late Rahmat Ullah R/o 667, Hatiya, Bahadurganj, Prayagraj inform the general public that i lost my Passport on 18.10.2026 (passport no. G6146211), issued on 16.11.2007, expiry date 15.11.2017. If any one found please sent it to below address.

Mohammad Arshad Ullah
S/o Late Rahmat Ullah
R/o 667, Hatiya, Bahadurganj, Prayagraj. **Mob.: 9415365030**



The Miracle Prayer

Dear heart of Jesus, in the past I have asked many favours. This time I ask you this special one (mention favour). Take it, dear heart of Jesus, and place it within your heart where your father sees it. Then, in his merciful eyes, it will become your own favour, not mine. Amen. *Say this prayer three times for three days and your favour will be granted. Never been known to fail. Must promise publication of prayer.*

अध्यक्ष एवं मंत्री पद के प्रत्याशियों का दक्षता भाषण आज

कोरांव (प्रयागराज)। बार एसोसिएशन तहसील कोरांव के आगामी ३० अक्तूबर को होने वाले वार्षिक चुनाव के तहत अध्यक्ष और मंत्री पद के प्रत्याशियों का दक्षता भाषण शनिवार दोपहर एक बजे तहसील सभागार में आयोजित होगा। यह जानकारी निर्वाचन अधिकारी बेचन लाल सिंह, रोहिणी प्रसाद तिवारी, सहायक निर्वाचन अधिकारी दादा जीके सिंह तथा निर्वाचन सचिव श्याम मिश्रा ने संयुक्त रूप से दी। उन्होंने बताया कि इस बार अध्यक्ष पद पर पांच प्रत्याशी-विजय शंकर मिश्रा, ललन कुमार तिवारी, धर्मेंद्र प्रताप सिंह, उमाकांत तिवारी और दिनेश कुमार सिंह मैदान में हैं। वहीं मंत्री पद के लिए योगेन्द्र नाथ द्विवेदी उर्फ 'राजू दुबे' और त्रिवेणी प्रसाद यादव के बीच मुकाबला है।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सर्वश्री संगम कान्सट्रक्शन, पता 90ए/10बी, बाघम्बरी गद्दी, अल्लापुर प्रयागराज (पंजीकृत) फर्म है, फर्म के एक भागीदार श्री शैलेन्द्र बहादुर सिंह जो कि दिनांक 21.10.2026 को स्वेच्छा से सेवानिवृत्त (Retired) हो गये हैं एवं फर्म पर किसी भी प्रकार की इनसे सम्बन्धित देनदारी शेष नहीं है। उक्त तिथि के बाद से, उक्त व्यक्ति का फर्म के किसी भी प्रकार के लेन-देन, दायित्व, अधिकार या जिम्मेदारियों से कोई सम्बन्ध नहीं रहेगा और फर्म किसी भी प्रकार की देनदारी या उत्तरदायित्व के लिए उत्तरदायी नहीं होगी। वर्तमान में शैलेन्द्र सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, पंकज कुंमार मिश्रा एवं श्रीमती मंजू सिंह फर्म को संचालित कर रहे हैं।

शैलेन्द्र सिंह (पार्टनर)

भारतीय स्टेट बैंक State Bank of India

तनावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा
तृतीय तल, मैट्रिक्स मॉल, सेक्टर-4, जवाहर नगर, जयपुर- 302004, Ph. +91-141-2657811, +91-141-2657989 Email: sbi.18184@sbi.co.in

कब्जा सूचना नियम 8(1) (अचल संपत्ति के संबंध में)

जहाँकि, अधोहस्ताक्षरी, भारतीय स्टेट बैंक के अधिकृत अधिकारी के रूप में, प्रतिभूतिकरण एवं वित्तीय परिसंपत्तियों का पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (अधिनियम संख्या 54, वर्ष 2002) के अंतर्गत तथा उक्त अधिनियम की धारा 13(12) को प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पढ़े जाने पर प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, दिनांक 10.08.2026 को उधारकर्ता (1) मैसर्स आसरा फिनकॉर्प प्राइवेट लिमिटेड, जरिये (2) श्री अशोक कुमार सिंह पुत्र श्री राम चंद्र सिंह (निदेशक और गारंटर) एवं (3) श्रीमती मीना सिंह पत्नी श्री अशोक कुमार सिंह (निदेशक और गारंटर), को मांग सूचना जारी कर, नोटिस में उल्लिखित रू. 1,86,22,979.00 (रुपये एक करोड़ छियासी लाख बाईस हजार नौ सौ उनयासी मात्र), जो दिनांक 10.08.2026 तक देय था, तथा उस पर संविदात्मक दर से देय भविष्य का ब्याज, लागत, प्रभार एवं अन्य व्ययों सहित, उक्त नोटिस की प्राप्ति से 60 दिनों के भीतर भुगतान करने हेतु कहा गया था।

चूँकि उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता उक्त राशि का भुगतान करने में विफल रहे हैं, अतः उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता एवं आम जनता को एतद्वारा सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने प्रतिभूतिकरण एवं वित्तीय परिसंपत्तियों का पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(4) तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, 22 अक्टूबर, 2026 के इस दिन नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा अपने अधिकार में ले लिया है।

उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता तथा आम जनता को एतद्वारा सावधान किया जाता है कि वे उक्त संपत्ति के संबंध में किसी भी प्रकार का लेन-देन न करें। यदि कोई व्यक्ति उक्त संपत्ति के संबंध में कोई व्यवहार करता है, तो वह भारतीय स्टेट बैंक, तनावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा, तृतीय तल, मैट्रिक्स मॉल, सेक्टर-4, जवाहर नगर, जयपुर के पक्ष में रू. 1,92,48,542.00 (रुपये एक करोड़ बानवे लाख अड़तालीस हजार पांच सौ बियालिस मात्र), जो दिनांक 12.10.2026 तक देय है, तथा उस पर संविदात्मक दर से भविष्य के ब्याज, लागत, प्रभार एवं अन्य व्ययों के अधीन होगा। उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है, जिसके अंतर्गत उन्हें सुरक्षित परिसंपत्ति का मोचन (Redeem) करने हेतु उपलब्ध समय का अधिकार प्राप्त है।

अचल सम्पत्ति का विवरण

श्रीमती मीना सिंह पत्नी श्री अशोक कुमार सिंह और श्री अशोक कुमार सिंह पुत्र राम चंद्र सिंह, के स्वामित्वाधीन आवासीय भवन का सभी हिस्सा, जो फ्लैट नंबर 806, 8वीं मंजिल, सोनल अपार्टमेंट, ब्लॉक ए, जॉर्ज टाउन, इलाहाबाद (उत्तर प्रदेश) में स्थित है। सुपर बिल्ट-अप क्षेत्र: 1473.27 वर्ग फुट चारों सीमाएँ निम्नानुसार हैं:

पूर्व : फ्लैट नंबर 805, पश्चिम : लिफ्ट कॉरिडोर और सीढ़ीयां
उत्तर : फ्लैट नंबर 812, दक्षिण : ओपन सेटबैक

दिनांक: 22/10/2026 स्थान: इलाहाबाद

प्राधिकृत अधिकारी, भारतीय स्टेट बैंक

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र का सही नाम अपूर्व वर्मा (APURV VERMA) पुत्र कु0 रेखा वर्मा है जो कि उसके जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज है। त्रुटिवश मेरे पुत्र के आधार संख्या XXXX XXXX 5505 में उसका नाम अंश वर्मा (ANSH VERMA) अंकित हो गया है जो कि गलत है। भविष्य में मेरे पुत्र को उसके सही नाम अपूर्व वर्मा (APURV VERMA) पुत्र कु.रेखा वर्मा के नाम से जाना व पहचाना जाए। एतद द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि उपर्युक्त के सम्बन्ध में समस्त विधिक औपचारिकताएं स्वयं मेरे द्वारा पूर्ण की गयी हैं। कु.रेखा वर्मा पत्नी भूपेन्द्र वर्मा निवासिनी-हालपुर बलिया उ0प्र0 277213

आजका मुहूर्त

दिनांक- २४ अक्तूबर २०२६
सम्वत्- २०८३ कन्या राशिस्थ सूर्य दक्षिणायन
ऋतु- शरद
मास- आश्विन शुक्ल पक्ष
तिथि- त्रयोदशी दिन में ११.४७ तक उपरान्त चतुर्दशी
वार- शनिवार
नक्षत्र- उत्तरा भाद्रपद रात्रि ०८.३० तक उपरान्त रेवती(पंचक)
योग- व्याघात रात्रि ०८.३० तक उपरान्त हर्षण
राशि- मीन
सूर्योदय- ०६.२३ बजे
सूर्यास्त- ०५.३७ बजे
राहुकाल- प्रातःकाल ०९ बजे से १०.३० तक
भद्रा- नहीं है।
मुहूर्त- दायर में ११.४७ के पूर्व कृष्णवस्त्र धारण का मुहूर्त है।
विशेष- स्वाती नक्षत्र में सूर्य का प्रवेश इसमें स्त्री पुरुष सूर्यचंद्र का योग है। मेष वाहन अग्नि नाड़ी स्वामी मंगल है इसलिए वर्षा का योग वनांचल हुआ है, शनि से युक्त रिक्ता होने से सिद्धयोग दिन में ११ के उपरान्त होगा।

सिलाई सीखने गयी युवती से मारपीट, नाक पर आई चोट

सैदाबाद (प्रयागराज)। हंडिया थाना क्षेत्र के दुसौती गांव की एक युवती ने गांव के ही एक युवक पर गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़िता के मुताबिक, घटना में उसकी नाक पर चोट आई और गाल पर थप्पड़ मारे जाने से उसे चक्कर आने लगे। घटना के बाद से युवती डरी-सहमी हुई है। पीड़िता के अनुसार बीते १२ अक्तूबर को दोपहर करीब डेढ़ बजे वह सिलाई सीखने के लिए सैदाबाद ब्लाक के सामने गयी थी। इसी दौरान उसके गांव का एक युवक दुकान पर पहुंचा और उसके साथ गाली-गलौज करने लगा। आरोप है कि विरोध करने पर युवक ने उसके साथ मारपीट की। आसपास के लोगों के जुटने पर आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से फरार हो गया। युवती ने पुलिस से मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपित के खिलाफ सख्त कानूनी कारवाई करने की मांग की है। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कारवाई शुरू कर दी है।

पुरानी रंजिश में मारपीट, कुल्हाड़ी के वार से महिला गंभीर

उतरांव (प्रयागराज)। स्थानीय थाना क्षेत्र के सराय बंशी गांव में पुरानी रंजिश को लेकर घर में घुसकर मारपीट का सनसनीखेज मामला सामने आया है। हमले में गंभीर रूप से घायल महिला को नाजुक हालत में जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

पीड़ित मनीष कुमार कुशवाहा के अनुसार पुरानी रंजिश को लेकर विपक्षी खेमराज, नितिन कुमार, सुधांशु, विपिन, सुषमा और राजकुमारी लाठी-डंडे एवं धारदार हथियार लेकर उनके घर में घुस आए। गाली-गलौज करते हुए आरोपितों ने हमला कर दिया। आरोप है कि इस दौरान कुल्हाड़ी के प्रहार से उनकी पत्नी माधुरी देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर छह नामजद आरोपितों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। वहीं, दूसरे पक्ष ने भी थाने में तहरीर देकर अपने पक्ष के युवक को चोटें आने का दावा किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

अंगद ने रावण की सभा में दिखाया शौर्य, जमाया पैर

फाफामऊ (प्रयागराज)। कस्बे के ऐतिहासिक रामलीला मैदान में गुरुवार रात अंगद-रावण संवाद की लीला का सजीव एवं ओजस्वी मंचन किया गया। कलाकारों के जोशीले अभिनय और संवाद अदायगी ने देर रात तक उपस्थित दर्शकों को बांधे रखा। लीला के दौरान जब दूत बनकर अंगद लंकापति रावण की राजसभा में पहुंचे, तो रावण के अहंकार और अंगद की निर्भीकता के बीच तीखा संवाद हुआ। अंगद ने रावण को अपनी शक्ति और श्रीराम की शरण में आने की चेतावनी देते हुए भरी सभा में अपना पैर जमा दिया। रावण के बड़े-बड़े योद्धाओं द्वारा अंगद का पैर हिलाने में विफल रहने के प्रसंग पर पूरा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट और 'जय श्री राम' के जयकारों से गूंज उठा। कलाकारों के सधे अभिनय ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मंचन के अवसर पर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष धीरेन्द्र केसरवानी, महामंत्री सुरेश केसरवानी, कोषाध्यक्ष मुकेश गुप्ता, श्यामबाबू गुप्ता सहित कमेटी के कई पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु देर रात तक उपस्थित रहे।

तेज रफ्तार कार चालक ने ई-रिक्शा में मारी टक्कर, महिला की मौत

फूलपुर (प्रयागराज)। फूलपुर थाना क्षेत्र के बेलहाबांध गांव के सामने तेज रफ्तार बोलेरो कार ने ई रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे घटनास्थल पर एक महिला की मौत हो गयी तथा आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। सभी घायलों का उपचार एक अस्पताल में चल रहा है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने चालक को हिरासत में ले लिया और कार को कब्जे में लेकर थाने उठा लाई तथा मृतक महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

सुजानगंज थाना क्षेत्र के ग्राम बेलवार (पढुआ) निवासी प्रेमा देवी पत्नी कल्पनाथ मौर्या अपने परिजनों के साथ बृहस्पतिवार को अपनी रिश्तेदारी फूलपुर थाना क्षेत्र के नगरिया गांव आई थीं। जहां शुक्रवार सुबह अपने घर के लिए ई रिक्शा से जा रही थीं। जैसे ही वह प्रयागराज-जौनपुर मार्ग पर बेलहाबांध गांव के सामने शुक्रवार दोपहर पहुंची थीं कि पीछे से तेज रफ्तार बलेनो कार चालक ने लापरवाही से कार चलाते हुए ई रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दिया। टक्कर से ई रिक्शा पलट गया, जिसमें सवार प्रेमा देवी की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। रिक्शे पर सवार सुमित्रा देवी पत्नी ज्ञानचन्द, ज्ञानचंद पुत्र रामअकबाल, इंद्रावती पत्नी अरविंद मौर्य, उषा देवी पत्नी विनोद मौर्य तथा बच्चा शुभ पुत्र ज्ञानचन्द आदि लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। हादसे के बाद घटनास्थल पर अफरा-तफरी मच गयी। चीख-पुकार सुनकर आस-पास के ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गयी। मौके पर ही कार चालक को घेरकर पकड़ लिया गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची फूलपुर पुलिसने चालक को हिरासत में ले लिया और कारको कब्जे में लेकर थाने उठा लाई और मृतकाके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के पुत्र दयाराम मौर्या की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच-पड़ताल में जुट गयी है।

मेघनाद, कुंभकर्ण और रावण वध के साथ रामलीला सम्पन्न

जय मां शारदा धार्मिक प्रतिष्ठान के मंचन में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

घूरपुर (प्रयागराज)। घूरपुर बाजार में जय मां शारदा धार्मिक प्रतिष्ठान के तत्वावधान में आयोजित रामलीला का समापन गुरुवार रात मेघनाद, कुंभकर्ण और रावण वध के मंचन के साथ हुआ। अंतिम दिन की लीला देखने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरा क्षेत्र 'जय श्री राम' के जयकारों से गूंज उठा। मंचन के दौरान लक्ष्मण-मेघनाद युद्ध में शक्ति बाण से मूर्छित लक्ष्मण को हनुमान जी द्वारा संजीवनी बूटी लाकर प्राण रक्षा और फिर लक्ष्मण द्वारा मेघनाद वध का प्रभावी दृश्य दिखाया गया। इसके बाद रणभूमि में उतरे कुंभकर्ण और प्रभु श्रीराम के बीच घमासान युद्ध हुआ, जिसमें कुंभकर्ण वीरगति को प्राप्त हुआ। अंतिम प्रसंग में विभीषण द्वारा नाभि में अमृत होने का रहस्य बताने पर श्रीराम ने अग्निबाण से रावण का वध कर दिया। रावण वध होते ही दर्शकों ने तालियों और नारों से पंडाल गुंजायमान कर दिया। समापन अवसर पर समिति के पदाधिकारियों ने सभी कलाकारों व सहयोगियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

अवैध पटाखों की बिक्री पर सख्त कारवाई की चेतावनी

खीरी (प्रयागराज)। आगामी दीपावली के त्योहार को शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में संपन्न कराने के उद्देश्य से खीरी थाना परिसर में व्यापारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी निरीक्षक वीर प्रताप सिंह ने की, जिसमें पटाखों के भंडारण और बिक्री को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। थाना प्रभारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। ऐसे में अवैध पटाखों की बिक्री किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कोई भी व्यापारी बिना वैध लाइसेंस के पटाखों का भंडारण या बिक्री करता पाया गया, तो उसके खिलाफ नियमानुसार कठोर विधिक कारवाई की जायेगी। उन्होंने व्यापारियों को निर्देशित किया कि जो भी दुकानदार पटाखों की बिक्री करना चाहते हैं, वे शासन द्वारा निर्धारित लाइसेंस प्रक्रिया का पूर्णतः पालन करें और सक्षम अधिकारी से अनुमति मिलने के बाद ही दुकानें लगाएं। बिना पूर्व अनुमति पटाखों की बिक्री करना नियमों का गंभीर उल्लंघन माना जायेगा। बैठक के अंत में उन्होंने सभी व्यापारियों से प्रशासनिक निर्देशों का कड़ाई से पालन करने और सुरक्षा मानकों का ध्यान रखने की अपील की, ताकि त्योहार के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना या दुर्घटना से बचा जा सके और शांति व्यवस्था बनी रहे।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग उमरिया (म.प्र.)
website-www.mppwd.gov.in Email: eepwdumaria@nic.in
Phone No. 07653-292716 Fax- XXXXXXX

निविदा सूचना 11/व.ले.लि./2026-27 /उमरिया, दिनांक-15.10.2026

निविदा प्रथम आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन निविदा e-Tendering System Portal https://www.mptenders.gov.in के माध्यम से निविदा सूचना जारी होने के दिनांक तक शासन द्वारा जारी आदेश की शर्तो पर आमंत्रित की गई।

सं. क्र.	आनलाईन निविदा क्र.	कार्य का नाम	ठेके की अनुमानित लागत (लाख में)	निविदा प्रपत्र की कीमत	धरोहर राशि (रू. में)	ठेकेदार की श्रेणी	कार्य पूर्ण करने की अवधि	आमंत्रण क्रमांक
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1	2026_PWDRB _543325_1	अमिलिहा से बंधवाबारा मार्ग का मजबूतीकरण लंबाई 5.00 किमी.	220.99 रू. दो करोड़ बीस लाख नियान्नवें हजार मात्र	15,000 रू. पन्द्रह हजार मात्र	2,20,990 रू. दो लाख बीस हजार नौ सौ नब्बे मात्र	सिविल	06 माह वर्षाकाल सहित	प्रथम आमंत्रण
2	2026_PWDRB _543326_1	धमोखर से पठारी मार्ग का मजबूतीकरण लंबाई 6.00 किमी.	249.39 रू. दो करोड़ उनचास लाख उनतालीस हजार मात्र	15,000 रू. पन्द्रह हजार मात्र	2,49,390 रू. दो लाख उनचास हजार तीन सौ नब्बे मात्र	सिविल	06 माह वर्षाकाल सहित	प्रथम आमंत्रण
		योग:-	470.38	रू. चार करोड़ सत्तर लाख अड़तीस हजार मात्र				

1. निविदा प्रपत्र का मूल्य बेबसाईट http://www-mptenders-gov-in पर भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगें।
2. निविदा प्रपत्र खरीदने की तिथि 23.10.2026 10:30 से 02.11.2026 शाम 17:30 बजे तक है।
3. ऑनलाईन में अमानत राशि की स्केन कापी एवं अन्य डाक्यूमेन्ट स्केन कापी अपलोड एवं बिड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 02.11.2026 शाम 17:30 बजे तक है।
4. टेण्डर डॉक्यूमेंट (e-EMD) तथा अन्य आवश्यक दस्तावेज तिथि 02.11.2026 शाम 17:30 बजे तक केवल ऑनलाईन ही सबमिट किये जायेंगे।
5. निविदा खुलने का दिनांक 05.11.2026 सुबह 10:30 से शाम 17:30 बजे तक। निविदा मुख्य अभियंता कार्यालय लोक निर्माण विभाग रीवा परिक्षेत्र रीवा में खोली जावेगी।
6. म०प्र० शासन लो०नि०वि० के ज्ञाप क्र. एफ-53/02/2011 / यो/ 19 / 524 भोपाल दिनांक 14.02.2025 के तहत निम्नानुसार संशोधित निविदा परिपत्र के अनुसार।
7. निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट में किया जावेगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

G20427/26
दिनांक-23.10.2026

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग (भ/स) (संभाग उमरिया (म0प्र0)

सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank पंजीकृत कार्यालय :- आईसीआईसीआई बैंक टॉवर, चकली सर्कल के पास, ओल्ड पादरा रोड, वडोदरा- 390 007
व्यावसायिक कार्यालय:-आईसीआईसीआई बैंक टॉवर्स, बान्द्रा-कुर्ला,काम्प्लैक्स मुम्बई-400 051

सोने की नीलामी एवं आमंत्रण सूचना

नीचे उल्लिखित उधारकर्ता/उधारकर्ताओं को आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड से सोने के आभूषणों के बदले लिए गए ऋण की बकाया राशि का भुगतान करने के लिए नोटिस जारी किया गया था।
भुगतान में विफल रहने के कारण, गिरवी रखे गए सोने के आभूषणों की नीलामी **23 नवम्बर, 2026** को की जाएगी। यदि उधारकर्ता की मृत्यु हो जाती है, तो सभी नियम और शर्तें उनके संबंधित कानूनी उत्तराधिकारी/उत्तराधिकारियों पर लागू होंगी।

ऋण खाता संख्या	कर्जदार का नाम	नीलामी शाखा का पता
शाखा का नाम : आगरा-मथुरा रोड		
191457000080	सोनी जादोन	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, मयूर कॉम्प्लेक्स, नगला पदी, आगरा मथुरा रोड, आगरा, उत्तर प्रदेश-282005
शाखा का नाम : आगरा-सिकन्द्रा		
156805002154	मंजू सिंघल	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, 6/9, आशीर्वाद वाटिका, सिकंदरा बोडला रोड, आगरा, आगरा जिला, उत्तर प्रदेश - 282007
शाखा का नाम : अलीगढ़		
032757000163	मो०जुनैद अरफीन	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, ग्राउंड फ्लोर, नंबर 2, कोर्ट ऑफ वार्ड्स कंपाउंड, आगरा रोड, सामने गांधी पार्क, अलीगढ़ - 202001
शाखा का नाम : इलाहाबाद-चौक		
030905006166	ऋषभ कुमार चौरसिया	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, 56/87 के.पी. कक्कड़ रोड, चौक, इलाहाबाद 211003
शाखा का नाम : बांदा		
241362001126	शिव प्रताप सिंह	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, नगर पालिका संख्या 348/25, प्लॉट संख्या 9216, गलबल बाजार, गूलर नाका, रामगंज, बांदा, उत्तर प्रदेश - 210001
शाखा का नाम : बिश्वान-ब्रहम्मानी टोला		
490657000125	आशीष कुमार मौर्या	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, मकान नंबर 21/292, मोहल्ला ब्राह्मणी टोला, वार्ड पठानी टोला, टाउन बिसवां, तहसील बिसवां, जिला: सीतापुर, उत्तर प्रदेश-261201
शाखा का नाम : फैजाबाद		
029057000100	किसमतुल किसमतुल	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, 19, 22, नाहर बाग, नियावाह, फैजाबाद, उत्तर प्रदेश - 224001
शाखा का नाम : फैजाबाद सिविल लाइंस		
157257000155	मो०तबिस खान	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, वी स्क्वायर, 4101 सिविल लाइन्स, फैजाबाद, फैजाबाद जिला, उत्तर प्रदेश। - 224001
शाखा का नाम : हैदरगढ़		
097257000201	मोहित सिंह	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, भूमि खसरा नंबर 602, पुराना 503/3, मोहल्ला मटखेला, लिलोहारा, लखनऊ सुल्तानपुर रोड, हैदरगढ़ -227301
शाखा का नाम : जसवन्तनगर		
319662002362	बेबी राठौर	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, 34/3, कैस्ट, कैस्ट बस स्टैंड रोड, जीजीआईसी रोड, कटरा पुखूता, जसवन्तनगर, जिला-इटावा, उत्तर प्रदेश। -206245
शाखा का नाम : जौनपुर		
089057070629	आयुष गुप्ता	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, 329, वाजिदपुर, शहर परगना हवेली, जौनपुर, उत्तर प्रदेश। - 222002
शाखा का नाम : झांसी-बी.के.डी चौराहा		
532162000038	राजेन्द्र जाटव	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, नगर निगम नंबर 407, राज स्टेट सी.पी. मिशन कंपाउंड, वार्ड नंबर 54, ग्वालियर रोड, झाँसी, उत्तर प्रदेश -284003
शाखा का नाम : कानपुर-श्यामनगर		
417857000095	किरन यादव	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, 62, रामपुरम III, दहेली सुजानपुर, मेन पीएसी रोड, श्याम नगर, कानपुर, उत्तर प्रदेश - 208013
417857000097	किरन यादव	
शाखा का नाम : कानपुर-नौबस्ता		
060057000127	निसार अहमद	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, 277बी, प्लॉट नंबर 1046, उपकार गेस्ट हाउस, हमीरपुर रोड, नौबस्ता, कानपुर - 208021
शाखा का नाम : कानपुर-स्वरूपनगर		
099857000095	कुसुम वर्मा	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, बिल्डिंग 113/171 स्वरूप नगर कानपुर -208002
शाखा का नाम : कौशाम्बी-सिराथू		
100162001478	रघुराज प्रताप सिंह	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, वार्ड नंबर 11, सैनी रोड, संस्कार गेस्ट हाउस, सिराथू, जिला कौशांबी - 212217, उत्तर प्रदेश
शाखा का नाम : लखीमपुर-खीरी		
105457000526	अजीत सिंह	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, मोहल्ला थरबरनगंज, थरबरनगंज रोड, लखीमपुर खीरी - 262701
105457000537	कीर्ति कीर्ति	
शाखा का नाम : लखनऊ-रिंग रोड		
470457000101	अजय भान सिंह	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर 7, बसंत विहार कॉलोनी, शंकरपुरवा, वार्ड-11, मेन रिंग रोड, लखनऊ - 226022, उत्तर प्रदेश
शाखा का नाम : लखनऊ-गोमतीनगर एक्सटेंशन		
387705001337	श्रृष्टि सिंह	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, 1/755, वरदान खंड, सेक्टर 1, गोमती नगर एक्सटेंशन, लखनऊ, उत्तर प्रदेश - 226010
शाखा का नाम : लखनऊ-विभूतिखण्ड		
167105002643	प्रशान्त तिवारी	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, टीसी 56 वी ए, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ, लखनऊ जिला, उत्तर प्रदेश- 226010
शाखा का नाम : महोबा		
745105001532	मोहम्मद शमीम	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर 14, गांधी नगर, महोबा - 210427, उत्तर प्रदेश
शाखा का नाम : मथुरा		
027457000368	आशा शर्मा	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, 217/360, केसोपुर, भूतेश्वर रोड, मथुरा उत्तर प्रदेश - 281004
शाखा का नाम : मथुरा-कोशीकलान		
158257000266	शिव कान्त	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, 1112/1ए, प्लॉट नंबर 44, गली नंबर 3, आर्य नगर, कोशी कलां मथुरा जिला, ऊपर - 281403
शाखा का नाम : मऊ		
066657000094	सतीश गुप्ता	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर 218, अज़ीम गृहस्थ पेट्रोलियम, मिर्जाहदीपुरा बाईपास रोड, मऊ उ०प्र० - 275101
शाखा का नाम : रायबरेली-सिविल लाइंस		
491757000058	सिराज बेग	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, रामाम कॉम्प्लेक्स, 1045/ए, सामने। फ़िरोज़ गांधी कॉलोनी, रायबरेली, उत्तर प्रदेश - 229001
491757000071	सिराज बेग	
491757000073	मुख्तार बेग	
शाखा का नाम : राजातालाब		
809257000063	प्रीती हलवाई	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, एनएच 19, वाराणसी प्रयागराज रोड, मौजा बीरभानपुर परगनन, कसवरराजा तहसील, राजातालाब (वाराणसी), उत्तर प्रदेश - 221311
शाखा का नाम : रॉबर्टसगंज		
089157000434	मनिन्द कुमार राय	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, नीर बजाज शो रूम, प्लॉट नंबर 389,390,392, बाई पास रोड, कोतवाली के पास, रॉबर्टगंज, सोनभद्र जिला, ऊपर -232216
089157000433	आशीष वर्मा	
089157000216	सिद्धार्थ कनौजिया	
शाखा का नाम : उन्नाव		
082205003185	चांदनी मिश्रा	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, 1107, गांधी नगर, उन्नाव - 209801
शाखा का नाम : वाराणसी-एच. विश्वेश्वरगंज		
485857000063	नंदिता मुख़िक	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, के 46/121 हरतीरथ, विशेश्वरगंज, वाराणसी - 221001, उत्तर प्रदेश
शाखा का नाम : वाराणसी-लहुराबीर		
475957000165	राजन सिंह	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, सी 26/35-38-आर, रामकटोरा, लहुराबीर, वाराणसी -221001, उत्तर प्रदेश
शाखा का नाम : वाराणसी-सुन्दरपुर		
494557000242	बिपिन कुमार	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, बी-236-के-ए, नेवादा, सुंदरपुर, वाराणसी - 221005, उत्तर प्रदेश
शाखा का नाम : वाराणसी-सिकरौल		
386957000057	रुपम सिंह	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, एस-2/326 ई, मोहल्ला/वार्ड सिकरौल, वाराणसी, जिला-वाराणसी, उत्तर प्रदेश - 221002
शाखा का नाम : भरतपुर नईमण्डी		
685757015547	राहुल सिंह	आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, सिम्पसन एजेंसियां, रणजीत नगर मोड, स्टेशन रोड, भरतपुर, राजस्थान - 321001

नीलामी उपरोक्त तालिका में उल्लिखित पते और तिथि पर आयोजित की जाएगी। समय: दोपहर 3:00 बजे से शाम 6:00 बजे तक कृपया ध्यान दें कि आईसीआईसीआई बैंक बिना किसी पूर्व सूचना के नीलामी की तिथि/स्थान/तरीके में परिवर्तन करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। इच्छुक पक्ष नीलामी के विस्तृत नियम और शर्तों के लिए उपर्युक्त शाखाओं में जा सकते हैं।

दिनांक: 24-10-2026
स्थान: आगरा,अलीगढ़,अयोध्या,झांसी,कानपुर नगर, लखनऊ, मथुरा,प्रयागराज,उन्नाव,रायबरेली, सीतापुर,सोनभद्र,वाराणसी,कौशाम्बी,बांदा,बाराबंकी,इटावा,जौनपुर,खीरी,महोबा,मऊ,प्रतापगढ़

भवदीय, हस्ताक्षरकर्ता/-
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के लिए